राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम - जनसंचार

पाठ-9 :रेडियो की विशेषताएं

कार्यपत्रक -9

1. रेडियो को हमेशा संचार का सशक्त माध्यम माना जाता रहा है। रेडियो माध्यम में उपयोग किए जाने वाले पांच सामान्य शब्दों के नाम दें और दो का विस्तृतवर्णन करें।

2. श्रोताओं का मनोरंजन करना रेडियो का एक मुख्य उद्देश्य है। उपयुक्त उदाहरणों के साथ रेडियो के अन्य दो उद्देश्यों के नाम दें।

3. रेडियो एक सस्ता और सुलभ संचार माध्यम माना जाता है। रेडियो की किन्हींपांच विशेषताओं के नाम देते हुएकिसी एक का विस्तार से वर्णन करें।

4. "रेडियो सबसे तेज और त्वरित माध्यम है"।क्या आप इस कथन से सहमत हैं? उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने शब्दों में रेडियो की गति का वर्णन करें।

5. आप महाभारत के एक पात्र संजय को अवश्य जानते होंगे, जो धृतराष्ट्र को युद्ध का वर्णन सुनाते हैं। समझाइए कि संजय को पहला रेडियोउद्घोषक कैसे माना जासकता है?

6. आपने रेडियो पर कोई शैक्षिक कार्यक्रम अवश्य सुना होगा। रेडियो के विभिन्न उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए किसी एक उद्देश्य का विस्तार से वर्णन करें।

7. एफएम रेडियो ट्यून करें और किन्हींदस कार्यक्रमों को सुनें। रेडियो के विभिन्न उद्देश्यों के अनुरूप इन कार्यक्रमों में अंतर करते हुए इन्हें सूचीबद्ध करें।

8. किसी उद्घोषक का खराब प्रदर्शन रेडियो प्रसारण की एक सीमा है। रेडियो की किन्हींतीन सीमाओं को सूचीबद्ध करें और उनका विस्तार से वर्णन करें।

9. "रेडियो प्रसारण को एक बार किया जा सकने वाला माध्यम माना जाता है"।क्या यह कथन सत्य है? अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिए।

10. आपने कार में यात्रा करते हुए रेडियो पर संगीत अवश्य सुना होगा । अपने आप को एक रेडियो जॉकी समझते हुए किसी शैक्षिक कार्यक्रम के लिए दो घोषणाएं लिखें।